13.05 hrs.

SUBMISSIONS BY MEMBERS

(i) Re: Reported increase in terrorist infiltration in NCT of Delhi

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA (SOUTH DELHI): Sir, I am associating myself with that issue.

अध्यक्ष जी, मैं आपके सामने इस बात को रखना चाहता हूं कि दिल्ली में अभी हैदराबाद के सांई बाबा मंदिर में विस्फोट करने वाला आतंकवादी धरा गया। यह व्यक्ति अब्दुल रज्जाक मसूद लश्करे-तोइबा का कर्ता-धर्ता है और दुबई में इसका नेता बना हुआ है। इसने जो बताया है, वह बहुत गम्भीर और खतरनाक है। पिछले एक वर्ष में दिल्ली में सौ से ज्यादा आईएसआई, पाकिस्तानी एजेंट, आतंकवादी, जेहादी और खालिस्तानी आतंकवादी पकड़े जा चुके हैं। उनके पास से इतना आरडीएक्स और हथियार पकड़ा गया है, जिससे दिल्ली के अधिकांश इलाकों को उड़ाया जा सकता है। उनके पास नकली करेंसी बहुत अधिक मात्रा में पकड़ी गई है। उनसे जो सूचनाएं प्राप्त हुई है, उनसे लगता है कि वे कोई बहुत बड़ी सनसनी करना चाहते हैं, किसी बड़ी जगह को उड़ाना चाहते हैं, किसी बड़ी जगह पर हमला करना चाहते हैं। उसमें संसद भवन भी शामिल है और अन्य बड़े-बड़े भवन भी शामिल हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आने वाले समय में जन्माष्टमी का त्यौहार है, इसके कुछ दिनों बाद दशहरा व दिवाली का त्यौहार भी होगा। सरकार को इस मामले में सावधानी बरतनी होगी। पकड़े गए लोगों ने जो-जो चीजें और जगहें बतायी हैं, उनमें दिल्ली की बड़ी-बड़ी जगहों पर बड़ी घटनाएं करने का, सनसनी फैलाने, आतंकवाद फैलाने की उनकी साजिश है। मैं चाहूंगा कि सरकार इस बारे में विशेष ध्यान दे कि जो पाकिस्तानी वीज़ा लेकर भारत आए थे, वे वापस नहीं गए हैं, यहीं पर रह गए हैं। जो बांग्लादेशी यहां पर आ गए हैं, उनको वापस भेजने के लिए हाई कोर्ट ने भी कहा है, उन्होंने यहां पर अपने अड्डे बनाए हुए हैं। गृह मंत्री जी ने भी कहा है कि दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई भागों में इन आतंकवादियों के अड्डे बन गए हैं। सरकार को इस बारे में विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि

भविष्य में कोई घटना ये आतंकवादी न कर सकें। यह तो केवल टिप ऑफ आइसबर्ग है। कहीं यह बहुत बड़ी घटना न हो जाए इसलिए इस पर सरकार गम्भीरता से विचार करे।

Sir, the hon. Parliamentary Affairs Minister is here. Will the Minister like to say anything? मंत्री जी यह बहुत गम्भीर मामला है।

MR. SPEAKER: It is a serious matter. Naturally, you will consider it.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI BIJOY HANDIQUE): Sir, it is a serious matter. I will definitely bring it to the notice of the concerned Minister.